## खबर संक्षेप

### आज बुधवार से मड़ई का आयोजन

**नारायणगंज।** आज दिन बुधवार से 3 दिन तक मडई का आयोजन किया गया है जिसमें दूर-दूर से व्यापारी लोग आते हैं क्षेत्र की सबसे बड़ी बधाई होती है इस दिन चारों तरफ से मडिया चंडी लेकर चंडी विवाह का आयोजन किया जाता है जिसमें चारों तरफ के पंडा पुजारी आते हैं इसके बाद ही मडई भारती है आसपास के क्षेत्र से लोग यहां आते हैं एक सप्ताह पहले से ही खेल खिलौने की दुकान एवं झूला डांस एवं सर्कस वाले ही पहुंच जाते हैं जिससे तीन दिनों तक भीड़ बनी रहती है भीड़ को संतुलित बनाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा चारों तरफ रोड में बेरियल की व्यवस्था एवं पुलिस फोर्स बाहर से बुलवाई जाती है जिस किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घाट सके पुलिस विभाग एवं पंचायत द्वारा दो दिन पहले ही दुकानदारों एवं झूला घरों की सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया थाना टिकरिया टी आई गोपाल घौसले खैरी सरपंच श्रीमती शांति बाई परस्ते उप सरपंच दीपक सोनी सचिव अनिल शर्मा पड़रिया सरपंच राजकुमार तेकाम सचिव अभिषेक शर्मा उप सरपंच विवेक सोनी पंच सुरेंद्र सोनी राम कुमार साहू इन लोगों की उपस्थिति रही।

### जनसुनवाई में 80 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**मण्डला।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में 80 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने योजना भवन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ ने भी आवेदनों की समस्या सुनी। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, नामांतरण, वाद विवाद अतिक्रमण, बैसाखी सहित अन्य विषयों पर आवेदन प्रस्तुत किए गए।

### स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य में देरी से ग्रामीणों में रोष



**मण्डला।** जनपद पंचायत नारायणगंज में जनसुनवाई के दौरान जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया को क्षेत्रीय जनता ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री अवसंरचना मद से स्वीकृत दो सड़क निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किए गए हैं, जिससे ग्रामवासियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गुजरसानी के हर्राटिकुर से साल्हेपानी तक तथा ग्राम पंचायत अमदरा के कुई से मल्धा तक सड़क निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत हुए थे। किंतु अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर स्वीकृत कार्य प्रारंभ नहीं किए गए, तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी, ऐसा ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है।

### शासकीय आईटीआई में प्रतियोगिता का आयोजन

**मण्डला।** शासकीय आईटीआई मंडला में 70वें म.प्र. स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। संस्था के प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर सभी विधाओं (चित्रकला, निबंध, फोटोग्राफी, वाद-विवाद एवं क्वीज) में भाग लिया। प्राचार्य श्रीमती मनीषा भूरिया ने टॉप -3 विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनको मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्थापना दिवस कार्यक्रम में श्री डीके चन्देश्वर, वैशाली कामडे, हर्षिता माधवी, जानकी मर्सकोले, राजेश सरौते, पुष्पेन्द्र पटेल, अनिशा खरे, मयूरी, निकिता शर्मा एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### कृषक पंजीयन 9 नवंबर तक

**मण्डला।** राज्य सरकार द्वारा रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 में कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर से शुरू किया गया है। उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन 9 नवंबर तक किया जाना है। किसानों की सुविधा के लिए 30 पंजीयन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। मलारा, लिंगापौड़ी, बकौरी, टाटरी, पिंडरई, डिठोरी, बिछिया, सिझौरा, अंजनिया, ककैया, रामनगर, दानीटोला, मवई, मेढ़ा, खलौड़ी, घुटास, भानपुर घुघरी, सलवाह, चाबी, सिंगारपुर, मोहगाँव, नारायणगंज, बबलिया, चिरईडोंगरी रोड, मानेगाँव, टिकरिया, बीजाडांडी, मानिकसरा और निवास में किसान निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं।

## सड़क निर्माण कंपनी की मनमानी के चलते दिनभर रही लाइट बंद

# निर्माण कार्य में लगी मशीन ने तोड़े विद्युत पोल और तार

### विद्युत विभाग को नहीं करने दिया सुधार कार्य

मण्डला से डिण्डौरी मार्ग का निर्माण पिछले 02 वर्ष से जारी है अब यह निर्माण कार्य मण्डला के समीप पहुंच चुका है लेकिन जिस गति से डिण्डौरी की ओर काम हुआ और जिस गुणवत्ता का उस तरफ ध्यान रखा गया वह मण्डला की ओर नजर नहीं आ रही।







**मण्डला।**

पिछले लगभग 06 माह से पौंडी से लेकर मण्डला तक की पूरी सड़क खोद दी गई है लेकिन काम नहीं हो रहा। पौंडी से मण्डला के बीच में बहुत सी पुलियों का निर्माण होना है उसमें भी देरी की जा रही है लिहाजा जब तक पुलिया नहीं बनेंगी सड़क कैसें पूर्ण होंगी।

निर्माण कंपनी अच्छी तरह जानती थी कि सड़क निर्माण में अभी समय लगना है लिहाजा उसे बरसात के पूर्व सड़क को नहीं खोदना था पहले की सड़क काफी अच्छी स्थिति में थी लेकिन बरसात के पूर्व उस सड़क को पूरी तरह खोद दिया गया और बदहाल सड़क पर पूरी बरसात स्थानीय लोगों को आवागमन करना पड़ा। ऐसी स्थिति में न केवल लोगों के वाहन खराब हुये बल्कि दुर्घटनायें भी घटित होती रही।

अब जबकि सड़क किनारे के विद्युत पोलों को अन्यत्र शिफ्ट नहीं किया गया है और सड़क का गहरीकरण किया जा रहा है ऐसी स्थिति में बड़ी-बड़ी मशीनों से जिस तरह काम किया जा रहा है वह खतरे से खाली नहीं है और यही कल हुआ जब मशीन से काम के दौरान 02 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गये एक विद्युत पोल तो धराशायी ही हो गया विद्युत के तार टूटकर जमींन में जा गिरे वह तो गनीमत थी कि किसी तरह की कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।

आनन-फानन में जैसे ही घटना की जानकारी विद्युत विभाग के कर्मचारियों को हुई वे मौके पर पहुंचे और सड़क निर्माण कंपनी के कर्मचारियों से नुकसान के बावद बात की उन्होंने कहा कि सुधार कार्य में जो खर्च आना है उसे कंपनी द्वारा दिया जाये ताकि शीघ्र सुधार कर विद्युत सप्लाई चालू की जाये इस पर कंपनी के कर्मचारियों ने कहा कि उनके द्वारा स्वयं सुधार कार्य करा दिया जायेगा वे पैसे नहीं दे सकते मजबूरन विद्युत विभाग के कर्मचारी घटना स्थल से वापिस आ गये और कंपनी द्वारा सुधार कार्य कराने का इंतजार करने लगे। घटना घटित हुई उसके बाद लगभग 06 घंटे बीत गये लेकिन सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा किसी तरह का कोई सुधार कार्य नहीं कराया गया लिहाजा उसके बाद विद्युत विभाग कगे अधिकारियों ने कंपनी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। खबर लिखे जाने तक विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा ही किसी तरह विद्युत सप्लाई चालू करने का प्रयास जारी था।

लगभग 06 घंटे से ज्यादा विद्युत सप्लाई बंद रहने से स्थानीय लोगों के सभी आवश्यक कार्य बाधित हुये यहां तक कि गांव वालों को पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी, पंचायत कार्यालय में हितग्राहियों के काम रूके रहे, जो छोटे-छोटे दुकानदार थे उनके व्यवसाय जो कि बिजली के आश्रित होते हैं पूर्णतः रहे इस तरह कंपनी के कर्मचारियों की मनमानी के चलते सैकड़ों लोगों को न केवल आर्थिक नुकसान हुआ बल्कि वे मानसिक रूप से भी प्रताड़ित हुये और यह प्रताड़ना पिछले 06 माह से यहां के लोग झेलते आ रहे हैं लेकिन किसी तरह से शासन-प्रशासन द्वारा उन्हें कोई राहत मिलती नहीं नजर आ रही।

## अपने ही खेत में बोनी कर रहे सानिया के परिवार पर मारपीट की शिकायत पहुंची जनसुनवाई



**मण्डला।**

जिले के दूरस्थ क्षेत्र ग्राम कुम्हली विकासखंड मवई के एक किसान परिवार के साथ गांव के ही यादव समुदाय के द्वारा गैंग बनाकर मारपीट किए जाने और चांदी का गहना हड़प लेने की शिकायत जनसुनवाई में आकर पीड़ित सानिया ,उसका परिवार और ग्रामीणों ने की है। बता दें,कि पीड़ित सनिया बाई और उसके परिवार-रिश्तेदार ने 24 अक्टूबर को किराए के ट्रैक्टर और लगभग आधा कुंतल बीज लेकर यादव मोहल्ला स्थित अपने ही खेत में बोनी करने गये हुए थे। जिसको देखकर राजकुमार यादव और उनके साथ में यादव समुदाय के दर्जनों लोग सनिया बाई के खेत पहुंच गए और पत्थरों से लकड़ियों से,लात , हाथ घूसों से सनिया बाई सहित साथ में काम कर रहे और चारों लोगों को बहुत मारपीट की है। सनिया बाई ने बताया, कि उसको जमीन पर गिरा करके गर्दन को हाथ से दबाकर गले में पहनी लगभग एक पाव से अधिक बजन की चांदी की सुतिया को ही छीन कर ले भागे। सनिया बाई सहित उसके सभी साथी और ट्रैक्टर चालक को भी चोटें भी आईं पर इलाज भी नहीं कराया गया। जांचें भी नहीं कराई गई न ही जांच रिपोर्ट दी गई। मारपीट करने वाले जब वापस भाग गए तब जान बचाकर सनिया बाई और उसके परिवार जैसे-तैसे घर वापस आये। शिकायत लिखवाने मवई थाना पहुंचे। जहां पर आवेदन की पावती दी गई। दूसरे दिन एसपी मंडला और हरिजन कल्याण थाना मंडला में भी शिकायत की गई।बावजूद इसके 10 दिन गुजर जाने के बाद आज तक घटना को अंजाम देने वालों की जांच नहीं की गई है। जिससे पीड़ित सानिया का परिवार बहुत ज्यादा डरा हुआ है । सनिया बाई का कहना है,उनको आज भी गांव में खतरा बना रहता है । राजकुमार यादव सहित यादव समुदाय से धमकियां मिलती हैं कि इस समय प्रदेश में यादवों की सरकार है। यादव जो करेंगे वही होगा। सनिया बाई के परिवार को गांव से भगा दिया जाएगा। कभी भी झूठे मामले लगवाकर फंसा दिया जाएगा। इस पर सनिया बाई का साथ दे रहे ग्रामीणों ने भी बताया है, कि यह विवाद राजकुमार यादव अन्य यादव समुदाय और सनिया बाई के बीच बहुत पहले से चल रहा है । इस खेत पर बोनी करने और फसल उत्पादन को लेकर चाहे जब विवाद किया जाता रहता है। हंसी-खुशी से अभी तक इस खेत में सनिया बाई ने फसल नहीं कमाया है। जबकि इस खेत में सनिया बाई का पूरा हक है। उसके नाम पर बही पट्टा भी है । सनिया बाई ने कलेक्टर मंडला से निवेदन किया है, कि मामले की जांच कर उसको न्याय दिलाया जाए।




## स्थापना दिवस मेला भोपाल में मंडला के समूहों द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया

### वोकल फॉर लोकल का कृषि विभाग समूह का भोपाल में प्रदर्शन

**मण्डला।**

मध्यप्रदेश के सत्तरवे स्थापना दिवस के रूप में एक अक्टूम्बर से तीन अक्टूम्बर तक राज्य स्तरीय आयोजन लाल परेड ग्राउंड भोपाल में स्वदेशी उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु किया गया। मंडला से उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के मार्गदर्शन में बिछिया ब्लाक के ग्राम उमरवाडा से रानी दुर्गावती शहद स्व सहायता समूह से सुश्री कृष्णा मार्को एवं गीता नेटी ने सहभागिता की। भोपाल में तीन दिवसीय मेले में सम्मोसमूहों के द्वारा उत्पादों में कोदो, कुटकी, मिलेट्स लड्डू, शहद, रागी, मक्का, ज्वार आदि का आटा विक्रय किया गया। मंडला के नेतृत्व सेंटर ऑफ़ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवलपमेंट संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी विशेस रूप से सहभागी बने उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय मेले में वोकल फार लोकल को प्रोमोट किया गया जिससे अर्बन के कस्टमर को मंडला के विभिन्न उत्पादों को जानने का मौका मिला । विभाग कि तरफ से नोडल अधिकारी प्रताप सिंह पटले का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ । अभ्युदय मध्यप्रदेश के सत्तरवे स्थापना दिवस में तीन दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, एतिहासिक विषयों पर नाट्य मंचन एवं ड्रोन से आसमान पर बेहतरीन प्रदर्शन किया गया जिसमे मध्यप्रदेश के विशेष कार्यों को दिखाया गया । प्रदेश भर से आये लोक नृत्य समूहों ने शानदार प्रस्तुति दी । राज्य स्तरीय मेला का समापन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा किया गया ।

### कलेक्टर ने विद्या मानिकपुरी को चैक देकर की आर्थिक सहायता

**मण्डला।**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के समक्ष दादा धनीराम वार्ड महाराजपुर निवासी विद्या मानिकपुरी ने जनसुनवाई में स्वयं व परिवार के इलाज के लिए आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 5 हजार रूपए का चैक देकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## वित्तीय साक्षरता के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मण्डला।**

भारतीय रिजर्व बैंक परियोजना सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से प्रायोजित मनीवाइज समर्पित के द्वारा सीएफएल मंडला के ब्लॉक नैनपुर ग्राम पंचायत मक्के, ब्लॉक बिछिया ग्राम पंचायत कटंगामाल, ब्लॉक बीजाडांडी के ग्राम पंचायत पोंड़ी में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान री-केवाईसी और डीबीटी को समझाते हुए मनी वाइज वित्तीय साक्षरता योजना के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। जगरूकता कार्यक्रम में बैंकिंग सेवा के माध्यम से पीएम सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डिजिटल लेन-देन ऑनलाइन, केवाईसी/ईकेवाईसी की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सायबर फ्रॉड से अवगत कराते हुए इससे बचने के उपाय बताए गए। इस अवसर पर ब्लॉक काउंसलर श्रीमती पूजा बरमैया, श्रीमती स्वाति सोनी, जॉन्सन जॉय एवं रीजनल ऑफिसर श्रीमती लक्ष्मी पटेल उपस्थित थे।

## श्री एस के जाटव बने समन्वयक प्राचार्य

**मण्डला।**



जिला समन्वयक संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मंडला में प्राचार्य एवं समन्वयक के पद पर श्री एस के जाटव के कार्यभार ग्रहण करने पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की ओर से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष एवं मंडल संयोजक विवेक शुक्ला द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में अखिलेश चंद्रोल,राजेश महोबिया,संजीव जैन,आशुतोष बाजपेई,चंदूलाल भारतीय,विवेक मिश्रा सहित शिक्षक संघ व विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों सहित स्टाफ के शिक्षक गण भी उपस्थित थे। सभी ने हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मंडला, मंडला जिले की समन्वयक संस्था होने के साथ-साथ बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र भी है। इस संस्था में वर्षों से प्रचार का पद रिक्त पड़ा था। श्री एस के जाटव पूर्व में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्य कर चुके हैं और इन्हें बोर्ड परीक्षाओं एवं मूल्यांकन कार्य का अच्छा अनुभव है।

## मंडला में परखी से बेटे ने की पिता की हत्या

## घर के अंदर मिली थी खून से सनी लाश

### आरोपी ने गले पर किया था वार

**मण्डला।**



मंडला जिले के निवास थाना क्षेत्र के आमाडोंगरी गांव में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। 55 वर्षीय नरबद मरावी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना निवास अस्पताल से पुलिस को मिली थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर घर के अंदर खून बिखरा मिला। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई गई। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि 1 नवंबर की रात पिता-पुत्र के बीच घरेलू विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते आरोपी पुत्र पप्पू मरावी ने परखी (बोरे से अनाज निकालने में प्रयुक्त होने वाली नोकदार वस्तु) से हमला कर पिता की हत्या कर दी।एसपी रजत सकलेचा ने बताया कि आमाडोंगरी निवासी नरबद की मृत्यु पर मर्ग कायम किया गया था। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मृतक के गले में चोट के निशान और खून का रिसाव पाया गया। इसके बाद हुई पूछताछ में बेटे द्वारा तात्कालिक विवाद में हत्या करने की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपी पुत्र पप्पू मरावी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत उद्योग/सर्विस/व्यवसाय के लिए आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित

**मण्डला।**

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में जिले के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना में विनिर्माण के लिए 1 लाख से 50 लाख रूपए तक सेवा/खुदरा व्यवसाय हेतु एक लाख से 25 लाख रूपए तक का ऋण प्रकरणों का आवेदन समस्त पोर्टल से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। आवेदक को 8वी कक्षा उत्तीर्ण, 18 से 45 आयु वर्ग के हों तथा जिनकी परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपए से कम हो वो पात्र हैं। मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पेन कार्ड आधार कार्ड, कोटेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आवश्यक लायसेन्स व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने हैं। अब आवेदकों को विनिर्माण उद्योग स्थापना के लिए 1 लाख से 50 लाख रूपए तक तथा सेवा एवं खुदरा व्यवसाय इकाई के लिए 1 लाख से 25 लाख रूपए तक बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। योजना में 3 प्रतिशत त्रैमासिक दर से 7 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज अनुदान एवं सीजीटीएमएसई गारंटी शुल्क 7 वर्ष तक प्रतिपूर्ति के रूप में देय है। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला एवं बैंकों से किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालीन समय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंडला श्री नंदकिशोर वास्कले मो.नं. 9826210115 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

## सरपंच को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जब चीचली पुलिस द्वारा क्षेत्र में गस्त की जा रही थी उसी दौरान ग्राम पुआरिया रोड ग्राम रिछई में एक व्यक्ति धारदार बका लेकर घूमते हुये क्षेत्र में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम नरेन्द्र उर्फ सरपंच पिता सियाराम निवासी ग्राम रिछाई पुआरिया तिरहा बताया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से बकानुमा तेज धारदार हथियार जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## बकरी बांधने की बात पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। लोग छोटी छोटी बातों को लेकर जिस तरह एक दूसरे के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते है उसकी सच्चाई समीपस्थ सांईखेड़ा में उस समय देखने मिली जब बकरी बांधने की बात को लेकर दो भाईयों के बीच मारपीट हो गई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के शांति नगर निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपने जेठ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पति प्यारे लाल ने जेठ नंदू पालसे कहा की मेरी जगह पर बकरी क्यों बांधी गई है। इसी बात को लेकर प्रार्थिया का जेठ नंदू व उसका लड़का दीपेश पाली आये और प्रार्थिया के पति को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई। जब प्रार्थिया अपने पति को पिटते हुये देख बीच बचाव करने गई तो उसके साथ भी पारपीट करते हुय चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## चार पहिया गाड़ी की टक्कर से साली व साडू हुये घायल

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पीपरपानी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै अपनी पत्नी व मेरा साडू भाई दौलत अहिरवार शाली शीला बाई के साथ अलग अलग मोटर साईकिल से जा रहे थें। जब हम लोग पिपरिया कला बम्हौरी के बीच पहुंचे तो सामने से आ रही एक काले रंग की चार पहिया गाड़ी क्रमांक MP13ZU0216 का चालक अपने गाड़ी को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाया और मेरे साडू भाई की मोटर साईकिल को टक्कर मार दी गई जिसके चलते साडू भाई दौलत तथा साली शीला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## कबाड़ खानों में जलाई जा रही प्लास्टिक सामग्री से शहर में फैल रहा प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। किसानों के खेतों में धान के अवशेष यानि की पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मगर इस वर्ष देखा जावे तो लगातार हुई बारिश व हवा के चलते जहां किसानों की धान फसले आड़ी होने के कारण वह हार वेस्टर से कटने की जगह मजदूरों द्वारा हाथों से की जा रही कटाई के चलते धान के अवशेष नही बच रहे है। इस स्थिति में किसानों द्वारा अपने खेतों में पराली जलाने की स्थिति कम ही देखने मिल रही है। मगर दूसरी ओर शहर में देखा जा रहा है कि रहवासी क्षेत्रों सहित जहां तहां संचालित होने वाले कबाड़ खानों में एकत्र होने वाली छोटी प्लास्टिक सामग्री में जरूर आग लगाये जाने के कारण शहर में जहरीला धुंआ फैलने से नही चूक रहा है। इस बात की सच्चाई बीते हुये मंगलवार को नगर के शासकीय चिकित्सालय के पास संचालित एक कबाड़ खाने में उस समय देखने मिली जब प्लास्टिक सामग्री में लगाई गई आग के चलते विजय कालोनी सहित चिकित्सालय क्षेत्र में धुंआ फैलने के कारण लोगों का सांस लेना दूभर हो गया। यहां पर संचालित कबाड़ खाने में इस तरह प्लास्टिक सामग्री में आग लगाने की सच्चाई आये दिन दिखाई देना आम बात हो चुकी है। इस सच्चाई से नगर पालिका प्रशासन को अनेको बार आवगत कराये जाने के बाद भी किसी तरह कोई कार्यवाही नही होने का परिणाम है कि इनके हौसले बुलंद होने के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से पीछे रहते हुये दिखाई देने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है..? जबकि इस तरह रहवासी क्षेत्रों में संचालित होने वाले कबाड़ खाने जहां नियम के विरूद्ध माने जाते है। मगर प्रशासन में बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी व मूक स्वीकृति का परिणाम है कि शहर के अंदर किराये के मकानों में कबाड़खानों का कारोबार संचालित होते हुये दिखाई देना आम बात बनने से नही चूक पा रही है।

# एक एक बोरी यूरिया प्राप्त करने खाली पेट लाईनों में लगा हुआ दिखाई दे रहा अन्नदाता, आक्रोशित किसानों ने मंहगे दामों पर खाद विक्रय करने का आरोप लगाते हुये किया चकाजाम





हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। भले ही सरकार द्वारा किसानों के हितों को लेकर लाखों दावे किये जावे। मगर सच्चाई खुलकर उस समय आने से नही चूक पाती है जब अन्न पैदा करते हुये दुनिया को पेट भरने वाला अन्नदाता खुद ही खाली पेट रहते हुये खेती के लिये जरूरी सामग्री प्राप्त करने के लिये दिन दिन भर लाईनों में लगा हुआ दिखाई देने से नही चूकता है। कुछ प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र के किसानों की देखने मिल रही है। यह समय जहां किसानों के लिये महत्वपूर्ण मना जाता है। क्योंकि क्षेत्र के किसानों द्वारा अपने खेतों में लगाई धान की कटाई का कार्य चल रहा है तो दूसरी ओर चना, गेंहू सहित अन्य फसलों की बोनी करने के लिये तैयारियाँ की जा रही है। इस स्थिति में जहां अन्नदाता की एक एक मिनिट बहूमूल्य हो रहा है। मगर वह अपने खेती के कार्यो को पूर्ण कराने के लिये मनमानी कीमत पर मजदूर लगाते हुये खुद आने वाली फसल के लिये यूरिया प्राप्त करने के लिये लाईनों में लगा हुआ देखा जा रहा है। इस सच्चाई को लेकर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या किसान खेती को लाभ का धंधा बनाने में सफल हो पायेगा...? यदि अन्नदाता की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां उसके द्वारा रात दिन एक करते हुये तैयार की गई फसल का जब विक्रय करने का समय होता है तो उसकी कीमत किसान की सोच के आधार पर न होते हुये व्यापारियों की बोली पर निर्भर रहती है। मगर किसान द्वारा तैयार की गई फसल से बनने वाली हर सामग्री कंपनी द्वारा निर्धारित किये गये रेट के आधार पर बाजार में विक्रय होने से नही चूक पाती है। जिस सामग्री को जो व्यक्ति पैदा कर रहा है वह अपने मन के मुताबिक नही बेच सकता है। मगर उसी सामग्री को दूसरा व्यक्ति खरीदने के बाद तीगनी चौगनी कीमत डालते हुये खुलेआम विक्रय करते हुये देखा जाता है..। इस तरह उद्योग पतियों की मनमानी आगे जहां अन्नदाता बेबस होने के लिये मजबूर हो चुका है...? वही दूसरी ओर प्रकृति की मार भी किसानों के ऊपर इस तरह पड़ रही है कि जहां उसकी खेतों में खड़ी हुई फसले बर्बाद हो रही है तो दूसरी ओर किसानों को अपने खेती के लिये उपयोग में आने वाली सामग्री बाजार में समय पर उपलब्ध नही होने के चलते उसे मंहगे दामों में खरीदने के लिये किस तरह मजबूर किया जाता है। इस बात की सच्चाई इस समय यूरिया को लेकर आसानी से देखने मिल सकती है। इस सच्चाई को लेकर अन्नदाता के



दिलों में यह सबाल अपने आप ही पैदा होने से उस समय नही चूक पाता है। जब सरकार के लोगों द्वारा मंचों से यह बात कहते हुये सुना जाता है कि अब देश से लेकर प्रदेश की सत्ता किसानों के हाथों में है। अब खेती को लाभ का धंधा बनाने में कोई कसर नही छोडी जावेगी। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब सरकार में ही किसान के बेटा बैठे हुये है। मगर इसके बाद भी किसानों को खेती के लिये उपयोग होने वाली सामग्री उपलब्ध नही हो पा रही है...? क्योंकि इस समय देखा जावे तो क्षेत्र का किसान जिस तरह एक एक बोरी यूरिया खाद के लिये भटकते हुये देखा जा रहा है उसका असर खेती के धंधे पर पड़ने से नही चूक पा रहा है। इसी के चलते किसानों के बीच आक्रोश फैलते हुये देखा जा रहा है। बीते हुये मंगलवार को सालीचौका के एक बेयर हाऊस पर वितरण होने वाले यूरिया के दौरान किसानों द्वारा वितरण करने वालों पर खुलेआम निर्धारित मूल्य से अधिक दामों में बाहरी लोगों को देने का आरोप लगाते हुये हंगामा करते हुये चकाजाम कर दिया गया। बताया जाता है कि सालीचौका डाग स्थित बेयर हाऊस पर सालीचौका, बसुरिया, बैरागढ़, बाराहबड़ा सहित अन्य गांवों के किसानों की सुबह पांच बजे से ही लाईने लग गये थी। मगर उन्हें जब दिन दो दो दिन तक लाईन में लगने के बाद भी यूरिया नही मिल






पाने के लिये किसान आक्रोशित होते हुये सूखाखैरी सालीचौका मुख्य मार्ग पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान लाईन में लगे हुये किसानों द्वारा खुलकर यह आरोप लगाते हुये सुना जा रहा था कि हम क्षेत्र के लोग पांच दिन से लगातार यूरिया लेने के लिये आ रहे है। मगर हम लोगों को यूरिया देने की जगह उदयपुरा सहित अन्य पहुंच वाले लोगों को मन के मुताबिक यूरिया की बोरी दी जा रही है। मगर हम लोगों को दिन दिन भर लाईन में लगने के बाद भी एक बोरी नही मिल पा रही है। इस दौरान किसानों द्वारा आरोप लगाते हुये कहा कि निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया दिया जा रहा है। इस प्रकार से आक्रोशित किसानों से जब चर्चा की गई तो ग्राम बसुरिया निवासी रविशंकर वर्मा का कहना था कि हम लोग सुबह पांच बजे से यूरिया लेने के लिये भूखे प्यासे लाईन में लगे है। मगर हम लोगों को एक बोरी यूरिया नही मिल पा रहा है और उदयपुरा सहित बाहर से आने वाले लोगों को आसानी से अधिक दाम लेकर यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार से गुड्डा वर्मा का आरोप है कि हम बीते हुये तीन दिन से लगातार यूरिया लेने आ रहे है और हमारे सामने ही ट्रको का यूरिया खाली होकर बेयर हाऊस के अंदर रखा जाता है। मगर इसके बाद भी लाईनों में लगने के बाद शाम तक जब हमे यूरिया नही मिल पाता है तो घर चले जाते है। मगर दूसरे दिन आकर देखा जाता है कि वह यूरिया बेयर हाऊस से गायब हो जाता है। जब लाईन में लगे हुये किसानों को यूरिया नही मिल पा रहा है और वह यूरिया गायब हो जाता है तो फिर जाता कहा है। इसी प्रकार से नबल किशोर का कहना है कि इस तरह यूरिया प्राप्त करने के लिये किसानों द्वारा लगातार चक्कर लगाने के चलते न तो यूरिया मिल पा रहा है और दूसरी ओर खेती का कार्य भी पिछड रहा है। यह समय खेती के लिये हम किसानों का महत्वपूर्ण है। खेतों पर मजदूर लगाते हुये काम कराया जा रहा है और हम यूरिया की लाईन में लगे हुये है। मगर इसके बाद भी यूरिया नही मिलने के कारण शाम को खाली हाथ लौटने से अन्नदाता पर दोहरी मार पड़ने से नही चूक रही है। वही रामदयाल का कहना है कि जब चुनावी महौल रहता है तो सुबह से शाम तक हर पार्टी के नेता हम लोगों से हाथ जोडकर यह बात कहने से नही चूकते है कि अब तुम्हारी मदद के लिये हम साथ खड़े है। मगर जब मदद की जरूरत है तो एक भी नेता नजर नही आने के चलते अन्नदाता अपना व बच्चों का पेट पालने के परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह यूरिया को लेकर क्षेत्र में किसानों के बीच हा हा कार की स्थिति देखने मिल रही है।

# आज कार्तिक पूर्णिमा के चलते नर्मदा तटों के साथ-साथ मंदिरों में उमडेगा भक्तों को सैलाब, लिंगा खुर्द सहित संगम मेले में सुरक्षा के विशेष प्रबंध की मांग




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

संपूर्ण क्षेत्रवासियों के लिये आस्था का केन्द्र माँ नर्मदाजी की आराधना के चलते वैसे तो माँ नर्मदा के पावन तीरों पर भक्तों की भीड़ सदा ही लगी रहती है। मगर हर वर्ष कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिवस माँ नर्मदाजी के तटों का अलग ही नजारा देखने मिलता है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो कार्तिक पूर्णिमा क्षेत्रवासियों की आस्था के लिये प्रमुख मानी जाती है जिसके चलते हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर जहां हजारों की संख्या में नर्मदा भक्त पैदल पहुंचकर माँ नर्मदाजी की आराधना करते है तो दूसरी ओर पंचकोषी परिक्रमा में भाग लेते हुये पूर्णरूप से रेवा मैया की भक्ति में लीन हो जाते है। कुछ इसी प्रकार से इस वर्ष की कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर भीड़ उमड़ने से नही चूक पायेगी । वही दूसरी ओर काफी लम्बे अंतराल के बाद देखने मिल रहा है कि पूर्णिमा मंगलवार के दिन होने से इसका महत्व और अधिक बढ़ गा है। इसी के कारण विद्ववान पंड़ितो के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा स्नान काफी पुण्य दायी माना जाता है। इसी के चलते आज नर्मदा तटों पर स्नान करने वालों की जहां सुबह के बेला में भीड़ देखने मिलेगी। इस स्थिति में गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले माँ नर्मदाजी के लिंगा खुर्द घाट व शहर के समीपस्थ शक्कर व सीतारेवा के संगम में लगने वाली मेलों को लेकर यहां पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग की जा रही है। ज्ञात हो कि गाडरवारा थाने के अंतर्गत सिहोरा पुलिस चौकी क्षेत्र के लिंगा खुर्द घाट पर बीते हुये कुछ वर्षो में लगातार दुर्घटनायें घटित होते हुये देखी गया है। इस स्थिति में इस घाट को जहां जिला कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधित भी किया गया था। कुछ इसी प्रकार की स्थिति कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नगर के रेल्वे स्टेशन के समीप यानि की शक्कर व सीतारेवा नदी के संगम रेलवे पुल के नीचे लगने वाले मेला में देखने मिलती रही है..। क्योंकि यहां पर पुल के पायों के पास अधिक गहराई होने के चलते जब बच्चें शक्कर नदी में नहाने के दौरान अचानक गहराई में चले जाते है और पायों के बीच फंसने की घटनाये अनेकों बार देखने मिल चुकी है। इस स्थिति में क्षेत्रवासियों द्वारा आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के लिंगा खुर्द नर्मदा घाट व शहर के समीपस शक्कर पुल के नीचे लगने वाले मेले के दौरान विशेष सुरक्षा प्रबंधों की मांग की गई है। वही आज कार्तिक पूर्णिमा के चलते नर्मदाजी के ककरा घाट, भटेरा, शोकलपुर, झिकोली, कोठिया, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द सहित लगभग सभी घाटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकेगी। क्षेत्रवासियों के लिये आस्था की केन्द्र व क्षेत्र की जीवन रेखा माँ नर्मदाजी के लिये पूर्णिमा व अमावस्या के मौके पर माँ नर्मदाजी के भक्त जहां माँ के स्नान करने के लिये सरे भरते हुये पहुंचने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से आज कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर भी माँ नर्मदाजी के पावन तटों पर जन सैलाब उमड़ने से नही चूकेगा। यदि कार्तिक पूर्णिमा की सच्चाई पर गौर किया जावे तो शहर की सड़को पर एक दिन पहले यानि की कल गुरूवार के दोपहर से ही भक्तों का पैदल निकलना शुरू हो गया था जिसके चलते जहां अनेक जगहों पर समाज सेवियों द्वारा नर्मदा भक्तों की सेवा करते हुये उन्हें चाय नास्ता की व्यवस्था करते हुये देखे गये।

# ककरा घाट में आज कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेला स्थल का कलेक्टर श्रीमती सिंह ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आज कार्तिक पूर्णिमा के दौरान माँ नर्मदाजी के घाटों पर लगने वाले मेला सहित पंचकोशी परिक्रमा को लेकर प्रशासन अलर्ट स्थिति में दिखाई देने से नही चूक रहा है। इसी के चलते बीते हुये मंगलवार को जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने नर्मदा नदी के तट पर प्रतिवर्ष ककरा घाट सहित अन्य घाटों पर लगने वाले प्रसिद्ध मेलों की तैयारियों के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मेला स्थल पर टेंट की व्यवस्था और नदी के किनारे स्नान करने वालों के लिए सुरक्षात्मक रूप से निर्धारित सीमा निश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे कोई भी श्रद्धालु निर्धारित सीमा के अंदर प्रवेश न कर सकें। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने नर्मदा नदी के गहरे स्थलों पर हमेशा गोताखोरों को तैनात रखने के निर्देश दिए। मेला स्थल में बुजुर्ग, महिला और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा। कंट्रोल रूम स्थापित कर नियमित रूप से एनाउंसमेंट करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विभागीय अधिकारियों से मेला के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की जानकारी लेने के साथ ही उन्होंने मेला स्थल पर रास्ता निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। वही मेला स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हो। वही उन्होंने कहा कि नदी में संचालित होने वाले मोटरबोट में निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्ति नहीं बैठ सकेंगे। मोटरबोट में जीवनरक्षक सामग्री जैसे लाइफ जैकेट, टार्च, रस्सी आदि रखना होगा। वही मेला स्थल पर गोताखोरों को तैनात रखने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने नर्मदा जी के तटों मेला स्थल पर पार्किंग, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, कंट्रोल रूम, कैमरे, जनरेटर, शौचालय, घाटों की साफ- सफाई, मोटरबोट, तैराक आदि से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# कलयुग काल में मानव को पापों से मुक्ति दिलाने वाली माँ नर्मदा है तो रक्षा करने वाले हनुमान जी : वीरेन्द्र शास्त्री




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव साई धाम मंदिर समिति द्वारा ग्राम के मुख्य स्थान बरगद पेड़ के नीचे आयोजित कराये जा रहे संगीतमय सात दिवसीय माँ नर्मदा पुराण के छटवे दिवस कथा व्यास वीरेन्द्र शास्त्री द्वारा माँ नर्मदाजी का बड़ा ही मार्मिक वर्णन सुनाते हुये जहां लोगों को भाव विभोर कर दिया गया। ज्ञात हो कि कथा का आज अंतिम दिवस रहेगा जिसके चलते पुराण कथा के उपरांत पूर्ण आहूति और कल कन्या भोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। वही माँ नर्मदाजी पुराण कथा में वीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि इस कलयुग काल में मानव जीवन को पापों से मुक्ति दिलाने वाले माँ नर्मदाजी है तो दूसरी ओर रक्षा करने वाले हनुमानजी। यदि माँ नर्मदाजी की कोई भी व्यक्ति सच्ची लग्न से आराधना करता है तो उसकी मदद के लिये माँ सदा ही खड़ी रहती है। उन्होंने बताया कि कलियुग काल में चारों युग अगर किसी देवी देवताओं का प्रताप है तो वह मां नर्मदा जी और हनुमान जी का है। जहां प्रतिदिन अपने भक्तों को माँ नर्मदाजी साक्षात्कार देती है।।अगर व्यक्ति मां नर्मदा जी की बिधिविधान व सच्चे मन से पूजन करता है तो उसकी हर मनोकामनाएं जल्द ही पूर्ण हो जाती है। वही जो कथाओं को श्रवण करता है, उसकें संकट कट जाते है। इस युग में सच्चा धनवान व्यक्ति वही है, जो अपने तन मन व धन से सेवा भक्ति करता है। आपके पास खूब धन है मगर उसका उपयोग अच्छे कार्यो की जगह लोगों को संकट देने में किया जा रहा है तो धनवान होने का कोई महत्व नही रहता है। भगवान ने आपको धन दिया है तो उसका उपयोग दीन हीन लोगों की मदद के लिये उपयोग किया जाता तभी धनवान होने का महत्व है। क्योंकि परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। हमे बच्चों को बचपन में ही प्रभु की आराधना की ओर यदि अग्रसर करेगे तो वह गलत रास्ते का चुनाव कभी नही कर पायेगे। मगर हम बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जगह उनके हाथों में मोबाईल पकड़ते चले जा रहे है और उम्मीद भक्ति मार्ग पर चलने की कर रहे है। चल रहे कलयुग काल में मानव जीवन में किसी मार्ग का चुनाव करने की उम्र बचपन से शुरू होकर किशोर अवस्था तक हो गई है। जब युवा अवस्था आती है तो वह मार्ग का चुनाव करते हुये काफी दूर तक निकल चुका होता है। इस दौरान कथा व्यास शास्त्री द्वारा माँ नर्मदाजी के परिक्रमा महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि इस दिनों माँ नर्मदाजी की परिक्रमा का दौर देखने अधिक मिल रहा है। माँ नर्मदाजी क परिक्रमा करने का महत्व तभी है जब व्यक्ति परिक्रमा के सिंद्वातों का पालन करने में सफल हो सके। दिखावे की परिक्रमा से अच्छा है कि परिक्रमा करी ही न जावे। माँ नर्मदाजी की सही परिक्रमा उसी को मानी जाती है जब कोई परिक्रमावासी अपने शरीर पर लगोट धारण करते हुये नंगे पैर परिक्रमा करे और परिक्रमा के दौरान आस पास निवास करने वाले लोगों से भिक्षा मांगने पर जो दान मिले उससे भोजन तैयार करते हुये माँ नर्मदाजी व गाय माता को पहले खिलाने के बाद खुद ग्रहण करे। परिक्रमा अवधि के दौरान गृहस्थ जीवन का त्याग करते हुये पूर्णरूप से सन्यासी का रूप धारण करने से नही चूके..., खैर यह अपनी अपनी सोच रहती है?















खबर संक्षेप

### मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल एवं एकलव्य आदर्श विद्यालय में पोक्सो कार्यशाला का आयोजन

डिंडोरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में आज मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल डिंडोरी एवं आदर्श एकलव्य विद्यालय डिंडोरी में पोक्सो एक्ट संबंधी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को समझाया गया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या बाल संरक्षण से जुड़ी समस्या होने पर इस नंबर पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।साथ ही, बच्चों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन अपराध है। यदि किसी को ऐसा होता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत 1098 हेल्पलाइन पर दी जाए।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले बच्चों को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विभाग से परिवीक्षा अधिकारी प्रकाश यादव, परामर्शदाता श्रीमती सुषमा डोंगरे, सुश्री कोमल चावला, सुश्री पूजा टेकाम, तथा विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 के लिए कार्यक्रम घोषित, बीएलओ घर-घर करेंगे गणना कार्य

डिंडौरी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की योग्यता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विस्तृत आदेश जारी करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं।
निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण, तैयारी एवं प्रिंटिंग कार्य : 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 तक गणना कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक मतदान केन्द्रों का पुनर्व्यवस्थापन 4 दिसम्बर 2025 तक.कंट्रोल टेबल अद्यतन एवं ड्राफ्ट रोल की तैयारी 5 दिसम्बर से 8 दिसम्बर 2025 तक ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को दावे एवं आपत्तियों की प्राप्ति अवधि 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक सुनवाई एवं सत्यापन कार्य 9 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक अंतिम प्रकाशन से पूर्व अनुमोदन एवं स्वास्थ्य जांच 3 फरवरी 2026 तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर पात्र नागरिकों को गणना फार्म वितरित करेंगे तथा मतदाताओं से भरे हुए फार्म एकत्रित करेंगे। इस दौरान नये मतदाताओं के नाम जोड़े जाने एवं सुधार किए जाने का कार्य भी किया जाएगा कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्र में निर्धारित अवधि में अभियान संचालित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

# नगर सौंदर्यीकरण के लिए सबका सहयोग आवश्यक : कलेक्टर

डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शहपुरा एवं डिंडौरी नगर के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से नगर परिषद, पार्षदों, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिले के व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने सभी से नगर के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि नगर परिषद के पास विकास कार्यों की तुलना में आय के स्त्रोत सीमित हैं, इसलिए नगर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों को मिलकर नगर के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि सफाई शुल्क को 50 रुपए से बढ़ाकर 100 रुपए प्रति माह किया जाए, जिससे किसी पर विशेष भार नहीं पड़ेगा और नगर के सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों में इस राशि का उपयोग किया जा सकेगा। कलेक्टर ने कहा कि नगर के मुख्य मार्ग पर प्रवेश द्वार का निर्माण उद्योगपतियों एवं व्यापारियों के सहयोग से किया जाए, जिस पर उनका एवं उनके उद्योग का नाम अंकित हो सकता है। इससे पर्यटकों को जिले की पहचान मिलेगी और नगर की छवि और भी आकर्षक बनेगी। उन्होंने नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिए कि कचरा वाहन में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए तथा जो नागरिक या



व्यापारी सड़क या डिवाइडर पर कचरा फेंकते हैं, उनके विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाए।कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग अपने घरों का कचरा केवल निर्धारित डस्टबिन या कचरा वाहन में ही डालें, ताकि नगर स्वच्छ एवं सुंदर बना रहे। व्यापारियों से भी कहा गया कि वे अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखें और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कलेक्टर ने सभी से अपील की है कि पार्षद अपने कालोनीवासियों के साथ मिलकर नगर परिषद कर्मचारियों के साथ सहयोग कर अपने कालोनी में सप्ताह में एक दिन सफाई अभियान प्रारंभ किया जाए ताकि कालोनी को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाया जा सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने बताया कि नगर परिषद द्वारा नदी का पानी स्टॉक कर पर्यटन स्थल विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसमें वाटर स्पोर्ट्स, स्विमिंग पूल एवं अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे न केवल नगर का सौंदर्य बढ़ेगा बल्कि स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने बताया कि इस प्रस्ताव पर प्रभारी मंत्री से चर्चा की जा चुकी है, जिन्होंने शासन से आवश्यक बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, नगर परिषद सीएमओ अमित तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, पार्षद श्रीमती स्मृति बर्मन, रजनीश राय, भागीरथ उरैती सहित समस्त पार्षद सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घर में मिली महिला की संदिग्ध लाश, गांव में मचा हड़कंप



### शहपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मंगेला सूरजपुरा में हुई घटना

**शहपुरा-** शहपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मंगेला सूरजपुरा में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव की महिला सोनवती परस्ते पति अशोक परस्ते का शव उसके ही घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में मिला। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया।घटना की जानकारी मिलते ही शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच में जुटी हुई है।

## लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं निर्यात संवर्धन बोर्ड की जिला स्तरीय बैठक

डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं निर्यात संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई बैठक में जिले के लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रोत्साहन, उद्यमिता विकास, स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति तथा औद्योगिक इकाइयों, एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 की जानकारी, जिले में औद्योगिक कलस्टरों का विकास, जिला स्तर पर उद्योगों के विकास हेतु सुझाव तथा कठिनाईयों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी इन्वेस्टर, उद्योगपति, व्यापारियों से चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि शासन से निर्धारित दर पर आपको शासकीय भूमि उपलब्ध करायी जाएगी जिससे आप अपना उद्योग, फैक्टरी, लघु उद्योग जैसे प्रोजेक्ट स्थापित कर जिले में स्व-रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने कहा कि आपके साथ आगामी 15 दिवस के अन्दर बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें आप अपना उद्योग से संबंधित पावर प्रजेन्टेशन प्रोजेक्ट लेकर बैठक में उपस्थित हों ताकि प्रोजेक्ट के उद्देश्य को देखते हुए आपको शासन से सहयोग किया जा सके।



साथ में जिले के व्यापारियों को एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025, तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ यंत्र संयंत्र में 10 करोड़ एवं उससे अधिक निवेश, फार्मास्यिटिकल/चिकित्सा उपकरण निर्माता इकाई, खाद्य प्रसंस्करण इकाई, एसएमई एक्सचेंज इकाई, टेक्सटाइल इकाई, पावरलूम सेक्टर, फुटवेयर फर्नीचर एवं खिलौने की इकाई एवं अन्य इकाईयों को शामिल किया जा सकेगा। बैठक में उद्योग स्थापना, निवेश संवर्धन, वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं स्थानीय उत्पादों के विपणन जैसे विषयों पर भी विस्तृत समीक्षा की गई

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र डिंडौरी द्वारा बताया गया कि बैठक में लघु उद्योगों से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, महाप्रबधंक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती राधिका कुसरो, सहायक संजय सुमन, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं नगर के व्यापारी उपस्थित रहे।

## डिंडौरी जनपद सदस्य ने की स्थायी सीईओ की मांग

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत डिंडौरी के सदस्य संतोष सिंह चंदेल (क्षेत्र क्रमांक 17) ने जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी को पत्र लिखकर जनहित में महत्वपूर्ण मांग रखी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनपद पंचायत मेहंदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को अतिरिक्त रूप से जनपद पंचायत डिंडौरी एवं जनपद पंचायत शहपुरा (वित्तीय प्रभार) का दायित्व सौंपा गया है, जिससे कार्यप्रणाली गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।चंदेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि एक ही अधिकारी के पास तीन जनपदों का कार्यभार होने से डिंडौरी जनपद में विकास कार्य लगभग ठप पड़ गए हैं। दैनिक रूप से ग्रामीण और जनप्रतिनिधि अपने पंचायत संबंधी कार्यों को लेकर जनपद कार्यालय पहुँचते हैं, लेकिन



सीईओ की अनुपस्थिति के कारण निराश होकर लौटना पड़ता है। कई महीनों से जनपद सदस्यों की भी सीईओ से मुलाकात नहीं हो पा रही है, जिसके चलते प्रस्तावों की स्वीकृति, भुगतान और पंचायत गतिविधियाँ प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों की समस्याओं का निराकरण समय पर नहीं हो पा रहा है, जिससे जनता में असंतोष की स्थिति बन रही है। विकास योजनाएँ कागजों तक सीमित हैं और जनहित कार्यों की गति धीमी पड़ गई है।जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी से मांग किया है कि शीघ्र ही जनपद पंचायत डिंडौरी में एक स्थायी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की जाए, ताकि पंचायतों के विकास कार्यों में गति आ सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह कदम जनहित में अत्यंत आवश्यक है और इससे जनपद की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

## खेत में मिली वृद्ध की खून से लथपथ लाश गांव में मचा हड़कंप

**शहपुरा -** शहपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुतली रैयत में मंगलवार की शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब खेत में एक वृद्ध व्यक्ति की खून से लथपथ लाश मिली। शव की पहचान विष्णु उरैती पिता जोन सिंह उरैती (उम्र 56 वर्ष) निवासी गुतली रैयत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक विष्णु अपने खेत में बनी झोपड़ी में रहकर फसल की रखवाली किया करता था। ग्रामीणों ने शाम लगभग 5 बजे खेत में शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शहपुरा थाना पुलिस, एफएसएल टीम और बालाघाट से पहुंची डॉग स्क्वायड



टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।पुलिस ने मौके का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मृत्यु के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।घटना के बाद गांव में दहशत और सनसनी का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और घटना के सुराग जुटाने में टीम लगी हुई है।

## कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न



डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति, समय-सीमा प्रकरण और विकास कार्यों के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभाग एवं जनपदवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की प्रगति कम पाई गई, उन्हें चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। 50 से 100 दिवस एवं अधिक दिवस से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए पीडब्ल्यूडी, जनजातीय कार्य विभाग, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग कृषि, राजस्व, खाद्य विभाग, बैंकर्स, श्रम विभाग, शिक्षा को सख्त निर्देश दिए हैं सीएम हेल्पलाइन निराकरण किया जाए। जिन विभागों की सीएम हेल्पलाइन में डी-ग्रेड के अंतर्गत आते हैं उन समस्त अधिकारियों का मानदेय/वेतन आहरण करने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। जब तक समस्याओं का निराकरण न हो सके तब तक वेतन आहरण न किए जाएं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देश दिए हैं कि पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से आवश्यकता के अनुसार ग्राम पंचायतों में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरूस्त किया जाए ताकि ग्रामीण लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। साथ ही साथ विद्युत विभाग को पानी सप्लाई केन्द्रों में नियमित रूप से विद्युत सप्लाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि आपके विभाग से संबंधित लंबित न्यायालयीन प्रकरण (याचिकाओं) को ध्यानपूर्वक समय सीमा, निर्धारित दिनांक के पूर्व न्यायालय में अपने अपने जवाब प्रस्तुत करें। इस महत्वपूर्ण कार्य में जिस अधिकारी के द्वारा लापरवाही की जाएगी उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में आयोजित दिव्यांग शिविरों को सफलतापूर्वक संचालन हेतु संबंधित विभाग स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय अधिकारी, कृषि, पीएचई के अधिकारी एवं संबंधित एसडीएम कैंप में जरूर शामिल हों। जिससे स्वास्थ्य संबंधी शासन की योजना का हर व्यक्ति को लाभ एवं उनकी समस्या का मौके पर निराकरण किया जा सके।
कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को कहा कि छात्रवृत्ति वितरण समय सीमा के अन्दर निराकरण करते हुए निराकरण किया जाए तकि छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति प्राप्त हो सके। सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलना विभागों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण समय पर हो सके। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 7 विकासखंडों के 48 समस्याग्रस्त ग्रामों की नल जल योजना के कार्य पूर्ण किए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों की कार्य पूर्ण कराने हेतु ड्यूटी लगाई है जिससे ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल सके। इसलिए ग्रामवार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने इसी प्रकार से बैठक में सभी समय सीमा प्रकरणों और विभागीय कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए।

## जनसुनवाई में 51 आवेदन प्राप्त, कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



डिंडौरी । कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 51 आवेदन प्रस्तुत किए, जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र और पारदर्शी निराकरण किया जाए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम साधूराम टोला कुकर्रामठ के सालिकराम द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने अपने पुत्र के द्वारा भरण-पोषण न किए जाने की शिकायत करते हुए वृद्धावस्था में भरण-पोषण राशि दिलाने या भूमि वापस दिलाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम छांटा निवासी झामसिंह राठौर ने आवेदन देकर बताया कि उन्होंने अपने घर के लिए कई बार विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया, किंतु आज तक कनेक्शन प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे उन्हें कठिनाई हो रही है। जिस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।नगर परिषद डिंडौरी की निवासी श्रीमती शकुंतला ने नगर परिषद द्वारा आवास स्वीकृत न किए जाने तथा बिना कारण रोक लगाए जाने की शिकायत की और शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। जिस पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सीएमओ डिंडौरी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम पंचायत मानिकपुर के ग्रामीणों ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम में शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की। आदिवासी कन्या आश्रम छात्रावास धुरकुटा विकासखंड बजाग की छात्राओं ने जनसुनवाई में पानी की समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर कलेक्टर ने तत्काल पीएचई को निर्देशित किया। जिस पर कार्यपालन यंत्री पीएचई ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बोर खनन कर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करायी। जिस पर छात्रावास में अध्ययनरत बालिकाओं में खुशी की लहर देखी गई। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गुरुनानक देव जयंती मिलन समारोह आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** एक ईश्वर, समानता, प्रेम एवं सेवा का संदेश देकर समाज का उद्धार के लिए जन्म लिए गुरु नानक देव की जयंती पर्व पर सर्वधर्म मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजक समन्वय परिवार एवं सच्चिदानंद आश्रम ने बताया कि को 4 बजे से एकता वाटिका, सच्चिदानंद आश्रम में कार्यक्रम आयोजित है सभी से उपस्थित की अपील की गई है।

### रविदास समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रविदास समाज द्वारा प्रति वर्ष युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में अहिरवार समाज महापरिषद नरसिंहपुर के जिला प्रभारी रंजीत कुमार चैधरी (स्वास्थ्य विभाग) ने बताया कि संभागीय कार्यकारिणी की बैठक मे निर्णय लिया गया है कि जबलपुर मे 18 जनवरी को मानस भवन राइट टाउन स्टेडियम के पास परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें अहिरवार समाज महापरिषद की पत्रिका संजोग 18 का विमोचन भी किया जाएगा।

### श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय पंचमुखी हनुमान मंदिर जरजोला रोड पर अयोध्या के परम पूज्य संत- ब्रह्मर्षी 1008 श्री गोपाल दास जी महाराज की कृपा पात्र शिष्य राजेश्वर दास जी महाराज के मुखारविंद से श्री राम महायज्ञ एवं संगीतमय परम पावन श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन 30 अक्टूबर से 9 नवंबर तक प्रति दिन दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओ की भीड़ उमड़ रही है। आयोजन समिति के प्रमुख रघुनाथ पटेल द्वारा समस्त नगर वासियों को महा यज्ञ में आहुति डालने की अपील की गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी मुकेश उर्फ राज उर्फ किस्मत उर्फ मुखडा आ. मोहन ठाकुर आयु 27 वर्ष, निवासी ग्राम धरम चैक चीचली, थाना चीचली, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा 3/4 की उपधारा (2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000 जुर्माना सें तथा बीएनएस की धारा 87 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 जुर्माना से दंडित किया गया।

### गन्ने को लेकर समीक्षा बैठक 6 कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सहायक संचालक कृषि (गन्ना) नरसिंहपुर ने बताया कि कलेक्टर नरसिंहपुर के निर्देशन में गुरूवार 6 नवंबर को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी शुगर मिल प्रबंधक प्रबंध संचालक को एजेंडा की जानकारी के साथ उपस्थित रहने के लिए कहा है।

### अमरकंटक में वनों की सुरक्षा के लिए साधु-संत व नागरिक लामबंद

**अनूपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक के साधु-संत, समाजसेवी, पत्रकार, राजनीतिक प्रतिनिधि एवं व्यवसायिक वर्ग अब एकजुट होकर साल बोरर कीड़े के प्रकोप से वनों को बचाने की मुहिम के लिए आगे आए हैं। पिछले कुछ महीनों में साल के हजारों वृक्ष इस कीट के संक्रमण से सूख रहे हैं, जिससे अमरकंटक के प्राकृतिक संतुलन, जल स्त्रोतों और पर्यावरण पर गंभीर संकट मंडराने लगा है।

## सुरक्षा के प्रबंध पूर्ण करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने मेला स्थल का किया निरीक्षण

मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने नर्मदा नदी के तट पर प्रतिवर्ष बरमान घाट, ककरा घाट और चिनकी घाट में लगने वाले प्रसिद्ध मेलों की तैयारियों के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया।

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।**





इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीएम मणिन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मेला स्थल पर टेंट की व्यवस्था और नदी के किनारे स्नान करने वालों के लिए सुरक्षात्मक रूप से निर्धारित सीमा निश्चित करने के निर्देश दिए।

जिससे कोई भी श्रद्धालु निर्धारित सीमा के अंदर प्रवेश न कर सकें। उन्होंने नर्मदा नदी के गहरे स्थलों पर हमेशा गोताखोरों को तैनात रखने के निर्देश दिए। मेला स्थल में बुजुर्ग, महिला और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा। कंट्रोल रूम स्थापित कर नियमित रूप से एनाउंसमेंट करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विभागीय अधिकारियों से मेला के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मेला स्थल पर रास्ता निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मेला स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि नदी में संचालित होने वाले मोटरबोट में निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्ति नहीं बैठ सकेंगे। मोटरबोट में जीवनरक्षक सामग्री जैसे लाइफ जैकेट, टार्च, रस्सी आदि रखना होगा। उन्होंने मेला स्थल पर गोताखोरों को तैनात रखने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मेला स्थल पर पार्किंग, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, कंट्रोल रूम, कैमरे, जनरेटर, शौचालय, घाटों की साफ- सफाई, मोटरबोट, तैराक आदि से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित रोडों की मरम्मत, पुग्लों पर रैलिंग लगाने, गड्ढों का समतलीकरण और मेला पहुंच मार्ग की साफ- सफाई का कार्य किया जावे। वाहन स्टैण्ड और पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि एसडीआरएफ के द्वारा तैराकों और गोताखोरों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने नर्मदा नदी में गहराई वाले स्थान पर सांकेतिक चिन्ह लगाने के निर्देश दिए।

श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि दुकानों के सामने डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें। जिससे कूड़ा-करकट डस्टबिन में ही डाला जा सके। उन्होंने मेला स्थल पर पर्याप्त चिकित्सकों की ड्यूटी आवश्यक लगाई जाए और एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाए।

## आलोक संघ द्वारा प्रेस फोटोग्राफर संजय राय सम्मानित




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

आलोक संघ द्वारा सम्मान समारोह एवं कार्यकारिणी घोषित पर पीजी कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र पटेल गुड्डू भैया, जीएसटी कमिश्नर लोकेश कुमार लिलहारे, जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल एवं सामाजिक व्यक्ति एवं मातृ शक्तियों के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर नरसिंहपुर नगर के प्रतिष्ठित प्रेस फोटोग्राफर संजय राय एवं छोटू पटेल का सम्मान उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य जीएस पटेल द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रेस फोटोग्राफर संजय राय ने नगर में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। वह सरल सहज और मिलनसार होने के साथ-साथ अपने कार्य के प्रति सक्रिय रहते हैं। वहीं श्री राय को फोटोग्राफी के लिए कई सामाजिक संगठनों, संस्थाओं द्वारा अनेक बार सम्मानित भी किया जा चुका है। संजय राय मिलन समिति के माध्यम से भी समाजहित के कार्य भी करते रहते हैं। उनकी इस समिति में अन्य सदस्य भी उनका पूरा सहयोग करते हैं। आज नरसिंहपुर में प्रेस फोटोग्राफर संजय राय अपनी फोटोग्राफी के लिए काफी चर्चित हैं। उन्हें अपने कार्य के प्रति सजग रहने और सामाजिक, रचनात्मक, खेलकूद समेत अन्य गतिविधियों में सक्रिय रहने तथा फोटोग्राफी के लिए सम्मान मिल चुका है। विगत दिनों आलोक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रेस फोटोग्राफर संजय राय एक बार फिर सम्मानित किए गए। उनको इस सम्मान के लिए उनके इष्ट मित्रों मिलन समिति सदस्यों ने उन्हें बहुत-बहुत बधाईयां दी हैं।

## ग्रामीणों ने सरपंच सचिव पर लगाए आरोप, सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस ग्राम पंचायत मचवारा के ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा कर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन मे बताया गया है कि सरपंच, सचिव, इंजीनियर और सह-सचिव पर विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपए के गोलमाल का आरोप लगाया गया है। पंचायत भवन की मरम्मत के नाम पर टीवी, पंखा, कूलर और अन्य उपकरणों के लिए लगभग 43 हजार रुपए, एक अन्य बार कूलर, बल्ब के लिए 26 हजार 500 रुपए के फर्जी बिल लगाकर भुगतान किया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पानी के टैंकर के टायर के लिए 14,500 रुपए, विकास यात्रा के नाम पर 10,960 रुपए का भुगतान किया गया। कंपोस्ट पिट निर्माण के लिए शासन द्वारा स्वीकृत पांच गड्ढों में से केवल दो का ही निर्माण हुआ। मनरेगा के तहत खेल मैदान निर्माण के लिए 2 लाख 43 हजार रुपए स्वीकृत हुए थे, लेकिन मौके पर लगभग 25 प्रतिशत ही कार्य हुआ और शेष राशि का गबन कर लिया गया। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि शासन की ओर से ग्राम पंचायत मचवारा में नौ स्थानों पर सोखपिट टैंक निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। हालांकि, मौके पर केवल चार सोखपिट टैंक ही बनाए गए, जबकि बाकी पांच कार्यों को कागजों पर दिखाकर पूरी राशि का गबन कर लिया गया। निकासी कार्य के लिए 1 लाख 96 हजार रुपए भी फर्जी बिलों के माध्यम से निकालने का आरोप है। ग्रामीणों ने मांग की है कि साल 2023 के बाद पंचायत में किए गए सभी कार्यों की वैधानिक जांच कराई जाए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी अपील की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमोद सिंह, चेतराम, प्रीतम, अजय पटेल, नरेश पटेल, लाखन, संदीप, आनंद लोधी सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



## वाहनों की हुई चैकिंग 4 वाहन जप्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला परिवहन विभाग नरसिंहपुर के द्वारा जिले में स्कूली व सवारी वाहनों की चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में विभाग द्वारा मंगलवार को कारमेल स्कूल व रेवाश्री स्कूल की लगभग 25 वाहनों की चैकिंग की गई। इन वाहनों में फिटनेस, बीमा, ओवरलोडिंग, मेडिकल किट, अग्निशमन यंत्र सहित अन्य दस्तावेजों को चैक किया गया। चैकिंग के दौरान 4 वाहन नियमानुसार नहीं पाए जाने पर उन्हें जप्त किया गया। जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया ने बताया कि जिले में आगे भी निरंतर स्कूली वाहनों की जांच की जाएगी। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए वाहनों का संचालन करें। सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा आदि को कम्पलीट रखें।

## कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने पहुंचेंगे लाखों श्रद्धालु, घाटों पर रहेगी भारी भीड़

# सैकड़ों किलोमीटर दूर से पैदल चलकर पहुंच रहे श्रद्धालु

### जगह-जगह चले भंडारे नाश्ता चाय पानी की व्यवस्था

**तेंदूखेड़ा**

कार्तिक मास में दान पुण्य स्नान का विशेष महत्व हुआ करता है। श्रद्धालु महिलाएं पूरे मास भर प्रतिदिन स्नान कर पूजन अर्चन किया करतीं हैं। पूर्णिमा पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के घाटों पर पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन किया करतीं हैं। पिछले दो दिनों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल चलकर नर्मदा घाटों पर पहुंच रहें हैं।इन पद यात्रियों को जगह-जगह चाय नाश्ता भोजन पानी की व्यवस्था सेवाभावी संस्थाओं द्वारा की गई है।

### घाटों पर नहीं है समुचित व्यवस्थायें

इस वर्ष हुई तेज बारिश के कारण बाढ़ का पानी अधिक होने के कारण घाटों पर मिट्टी का कटाव हो जाने से आवागमन में परेशानी हो रही है। चूंकि नर्मदा के प्रत्येक घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्थायें बनाये जाने की महती आवश्यकता है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह छत्तरपुर सिमरिया घाटों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है।हर साल इन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो आकृष्ट कराया जाता है लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायतों को जवाबदारी सौंपकर अधिकारी अपनी जबाब दारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। और श्रद्धालु अव्यवस्थाओं के बीच परेशान होते हुए देखे सुने जाते हैं।

### ककरा घाट पर पड़ेगा भारी दबाव

तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट जहां गाडरवारा तेंदूखेड़ा और रायसेन सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में अनुकूलता के हिसाब से पहुंचा करते हैं लेकिन ना तो इस घाट तक पहुंचने सुगम रास्ता है और ना ही प्रकाश की कोई उचित व्यवस्था है। यहां तक कि महिला पुरुषों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। घाटों पर बड़ी बड़ी दुकानें लग जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा हुआ करती है। यहां तक कि बाहनों का भारी दबाव होने की स्थिति में मुख्य सड़क मार्ग से लेकर नीचे तक जाम लगने की समस्या बनती है घंटों मशक्कत के बाद सड़क मार्ग सुचारू हो पाते हैं।

### भारी बाहनों की आवाजाही पर रोक लगे

सबसे बड़ी समस्या इस सड़क मार्ग पर एन टी पी सी प्लांट से आ रही राख को लेकर भारी संख्या में कंटेनरों की आवाजाही इस मार्ग पर अबाध गति से चला करते हैं।आये दिन सड़क दुर्घटना में अनेकों लोग काल के गाल में समा भी चुके हैं। कुछ दिनों तक रफ्तार में लगाम लगने के बाद अब पुनः वही स्थिति बनीं हुई है लेकिन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दो दिन पूर्व से ही श्रद्धालु पैदल आवागमन करते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से दो दिन तक इन कंटेनरों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने की जरूरत है।

### पंचकोशी परिक्रमा एवं श्रद्धालु निकलेंगे नर्मदा परिक्रमा पर

कलयुग में मोक्षदायिनी मां नर्मदा का पावन तट और भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रह्माण्ड घाट में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचा करतें हैं। यहीं से पंचकोशी परिक्रमा और नर्मदा परिक्रमा का श्री गणेश हुआ करता है। लेकिन विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर यह देखने को मिलती है कि घाटों पर पर्याप्त सुविधाएं ना होने तथा पंचकोशी मार्ग पर अव्यस्थायें हावी है। श्रद्धालु कष्टमय यात्रा करने मजबूर हो जाते हैं।दो दिन पूर्व से दो दिन बाद तक श्रद्धालु नर्मदा तटों पर रहकर स्नान पूजन भंडारा किया करते हैं। यहां रहकर भोजन प्रसाद भर्त बाटी बनाया करतें हैं लेकिन घाटों पर गंदगी का आलन और उचित व्यवस्था ना होने के कारण उनका आस्था पर आघात पहुंचता है।

## नपाध्यक्ष ने डीआरएम के नाम स्टेशन मास्टर को दिया ज्ञापन

# सुलभ शौचालय बनाने को लेकर नपा ने जताई सहमति



### जिला विकास मंच ने भी समस्याओं पर सौंपा मांग पत्र

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जंक्शन स्टेशन अनूपपुर जहां अमृत भारत योजना एवं गतिमान योजना के तहत विकास एवं निर्माण के कार्य चल रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद भी अनूपपुर जंक्शन स्टेशन के मेंन गेट के बाहर जहां तक रेलवे का क्षेत्र है वहां पर किसी तरह का सुलभ काम्प्लेक्स का निर्माण नहीं किया गया है। जिससे कोई भी व्यक्ति पेशाब कर देता है, बच्चों से शौच करा देते हैं।जिससे पूरे परिक्षेत्र में यात्रियों को काफी परेशानी होती है। दुर्गंध से पूरे यात्री त्रस्त रहते हैं। जिसको लेकर समाचार पत्रों में समाचार का प्रकाशन हुआ। समाचार को रेल मंत्रालय, रेलवे महाप्रबंधक एवं बिलासपुर रेल प्रबंधक को जागरूक नागरिक अरविंद बियानी द्वारा ट्वीट कर जानकारी प्रेषित की गई। जिस पर बिलासपुर रेल प्रबंधक ने जवाब दिया कि यदि स्थानीय नगरपालिका सुलभ शौचालय लगाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करती है, तो रेलवे उसकी व्यवहार्यता का परीक्षण कर अनुमोदन करेगा। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष अंजुलिका शैलेंद्र सिंह ने बिलासपुर रेल प्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर अनूपपुर को अपने प्रतिनिधि दीपक शुक्ला पार्षद के माध्यम से ज्ञापन दिया।



## शिक्षा के व्यवसायीकरण पर फूटा अभाविप का गुस्सा

### भारत ज्योति विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर किया घेराव

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना कल से ही छात्र हितों के मुद्दों को सदैव उठाता रहा है इस संदर्भ में आज विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत ज्योति विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सोपा गया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि भारत ज्योति विद्यालय में कई गंभीर समस्याएं हैं जैसे आर.टी.ई .के तहत विद्यालय में एक विशेष धर्म समुदाय के छात्रों को आरक्षण दिया जाता है, शिक्षा का व्यवसाय कारण बंद हो। भारत ज्योति विद्यालय के द्वारा पुस्तकों एवं यूनिफॉर्म ड्रेस की दुकान निर्धारित की गई है जहां से कमीशन आता है वह भी पूरी तरह बंद हो। विद्यालय परिसर में मां सरस्वती व भारत माता की प्रतिमा स्थापित किया जाए, संविधान में साफ कहा गया है।